# तिरंगे के रंग में रंगा सीधी : गूंजा देशभक्ति का संदेश

## स्वतंत्रता दिवस के पूर्व सीधी पुलिस द्वारा भव्य बाइक तिरंगा रैली का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज बुधवार 13 अगस्त 2025 को सीधी पुलिस के द्वारा भव्य बाइक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि देशभक्ति, एकता और उत्साह का जीवंत प्रतीक बनी।**



रैली में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, एसडीएम नीलेश शर्मा, उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा, परिवीक्षाधीन उपपुलिस अधीक्षक सुजीत कड़वे, नवनियुक्त डीएसपी शुभम जैन, रक्षित निरीक्षक वीरेन्द्र कुमरे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक रीता त्रिपाठी, निरीक्षक अरुणा द्विवेदी, थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी सहित सीधी पुलिस के अन्य अधिकारी एवं जवान सम्मिलित हुए। रैली का शुभारंभ कलेक्ट्रेट से हुआ और यह अस्पताल तिराहा, गांधी चौक, लालता चौक, पुराना हनुमान मंदिर, जामा मस्जिद, सम्राट चौक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय होते हुए पुन: कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में डीजे पर बजती देशभक्ति की धुनों, हवा में लहराते शानदार तिरंगों और नागरिकों के जोशीले नारों ने माहौल को पूरी तरह देशप्रेम के रंग में रंग दिया। विशेष रूप से, जिले के सभी थाना एवं चौकियों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों, युवाओं और पुलिस बल ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे पूरे जिले में देशभक्ति की लहर और भी प्रबल हुई तथा स्वतंत्रता दिवस का उत्सव जन-जन तक पहुंचा। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल स्वतंत्रता दिवस का स्वागत करना था बल्कि युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सामाजिक एकता की भावना को प्रबल करना भी था। सीधी पुलिस ने यह संदेश दिया कि देशभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्म और एकता के स्वरूप में प्रकट होती है।

### कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने दिनांक 13 .08 .2025 को महाविद्यालय परिसर से कलेक्ट्रेट तिराहे तक तिरंगा यात्रा निकालकर देश प्रेम, स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश स्लोगन और नारों के माध्यम से नगर वासियों को दिया। इस यात्रा में कन्या महाविद्यालय की लगभग 600 छात्राओं के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य समस्त विभागों के प्राध्यापक एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ शामिल हुआ। ''विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा'' की जयघोष के साथ पूरे उत्साह के साथ यह यात्रा ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता'' का संदेश देते हुए कन्या महाविद्यालय परिसर में लौटकर पूर्ण हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि एक स्वच्छ परिवेश ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण कर सकता है इसलिए हमें अपने महाविद्यालय और अपने आसपास के वातावरण को हरा भरा और स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए।

# गृह प्रसव रोकने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## सीधी जिले में एकदिवसीय हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अगस्त। जिले में मातृ स्वास्थ्य को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार की ओर से अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं फिर भी कुछ विकासखंडों में आज भी होम डिलेवरी एक गंभीर समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशनए भोपाल के विशेष प्रयासों के तहत विकासखंड कुसमी और सेमरिया के सभी सीएचओ का बुधवार को एक दिवसीय केयर कम्पैनियन प्रोग्राम प्रशिक्षण का आयोजन एनएचएम सभा कक्ष में किया गया।**

कार्यक्रम में विशेष सहयोग योसऐड इनोवेशन फाउंडेशन संस्था द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ, डीएचओ-I, मेडिकल ऑफिसर, डीपीएम, डीसीएम समेत सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के गुणवत्ता मॉनिटरिंग के लिए स्टेट कंसल्टेंट पराग सोनी और सरीन काक भी मौजूद रहे। सम्पूर्ण प्रशिक्षण सत्र का सफल संचालन डॉ.देवेन्द्र शर्मा ने किया। जबकि जिला स्तर से एमएच कोऑर्डिनेटर और चिकित्साधिकारी डॉ.श्रेया ने विशेष सहयोग दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बबिता खरे ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से परिवारिक देखभाल कर्ताओं को सशक्त बनाकर मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है। उन्होंने उपस्थित सभी सीएचओ को इस दिशा में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

# तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायिक कार्य से विरत

## सीधी विधायक को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अगस्त। जिले भर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायिक और कार्यपालिक विभाजन के विरोध में 6 अगस्त से कार्य से विरत हैं। इस कारण समस्त राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं भूमि विवाद से संबंधित समस्त कार्यवाही ठप्प हो गई।**



केवल प्राकृतिक आपदा से जुड़े कार्यों को छोड़कर शेष सभी राजस्व कार्य बाधित है। मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा) संघ सीधी द्वारा आज अपनी मांगों का 7 बिंदुओं का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम से सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक को सौंपा झ्र

ज्ञापन संघ के जिलाध्यक्ष राकेश शुक्ला तहसीलदार गोपद बनास के नेतृत्व में सौंपा गया।

इस दौरान सीधी जिले के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर सीधी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अगस्त। टोंको-रोको-ठोको क्रांतिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी ने बताया है कि किसानों एवं मजदूरों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान कराए जाने हेतु संयुक्त किसान मोर्चा सीधी द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित कलेक्टर सीधी के माध्यम एक ज्ञापन दिया गया है।**

श्री तिवारी ने बताया की ज्ञापन पत्र के 13 बिन्दु राष्ट्रीय स्तर की समस्याओं से संबंधित हैं तथा 5 बिंदु स्थानीय स्तर की समस्याओं के हैं। ज्ञापन पत्र साझे तौर पर वामपंथी दलों के साथियों, किसान संगठनों के साथियों, मजदूर आंदोलन के साथियों नें दिया। ज्ञापन पत्र बिंदुवार हैं जिसमें अमेरिका सहित भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले विशेष व्यापार समझौते (एफटीए) नहीं किए जाएं। अमेरिका द्वारा थोपे गए 25 प्रतिशत और 50 प्रतिशत टैरिफ का सख्ती से विरोध किया जाए। नेशनल पॉलिसी फ्रेमवर्क ऑन एग्रीकल्चरल मार्केटिंग तथा नई नेशनल कोऑपरेटिव पॉलिसी रद्द की जाए। सी2+50 प्रतिशत फॉर्मूला पर सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाए और उसकी खरीदी सुनिश्चित करने की गारंटी के लिए कानून बनाया जाए। किसानों की समग्र कर्ज माफी की जाए, माइक्रोफाइनेंस कम्पनियों द्वारा किया जा रहा उत्पीड़न बंद किया जाए। बिजली क्षेत्र का निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए, लम्बित बिजली बिलों को माफ करते हुएए ग्रामीण क्षेत्र को 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 18 घंटे प्रतिदिन ग्रामीण इलाकों में बिजली प्रदाय की जाए। सभी राज्यों में लैंड पूलिंग नीति को खारिज करते हुए भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को सख्ती से लागू किया जाए। सभी सरकारी पेंशन 10000 प्रति माह की जाए, कानून बनाकर (वृद्धावस्था) विधवा, विकलांग, पेंशन को मौलिक अधिकार बनाया जाए। पुराने ट्रैक्टरों पर प्रतिबंध लगाने की सरकारी नीति को वापस लिया जाए। वनाधिकार अधिनियम 2006 को इसकी मूल भावना में लागू किया जाए, आदिवासी और अन्य वनवासियों का विस्थापन रोका जाए, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, कॉरपोरेट कम्पनियां के अवैध एवं अनुपयोगी खनन, रियल एस्टेट कारोबारियों द्वारा किए जा रहे पर्यावरणी विनाश को बंद किया जाए। सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीति पर रोक लगाई जाए। मछुआरा समुदाय से मुक्त में नदी में मछली पकड़ने के अधिकार छीनने के आदेश वापस लिया जाए। पुलिस और प्रशासन द्वारा समर्थित सांप्रदायिक हिंसा को रोका जाए।

### सौंपे गये ज्ञापन में स्थानीय मांगे

तहसील मड़वास के ग्राम मूसामुड़ी एवं भुमका के आदिवासी किसानों की भूमिया फर्जी ढंग से आर्य पॉवर कम्पनी के नाम कर की गई है उक्त भूमियों में किसानों का भू स्वामित्व राजस्व अभिलेख लेख में दर्ज कराएं। संजय टाइगर रिजर्व सीधी से प्रभावित गांवों में मूलभूत सुविधा के कामों (सड़क, पुल, स्कूल, अस्पताल) को करने पर लगी रोक को तत्काल हटाया जाए एवं विस्थापन में की जा रही धाँधली के दोषियों को दण्डित कराएं। तहसील मड़वास के ग्राम समदा (आजाद नगर) में राजस्व भूमि में आवाद आवासियों को पट्टा दिया जाए एवं सीधी जिले में वन भूमि एवं राजस्व भूमि में आवाद आदिवासियों को पट्टा दिलाएं। तहसील मझौली के ग्राम तिलवारी खजरा टोला में आवाद आदिवासी बस्ति में विद्युतीकरण कराएं। तहसील रामपुर नैकिन के ग्राम हनुमानगढ़ में महान बांध नहर निर्माण के अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराएं।

# पूजा पार्क में श्रीमद् भागवत का शुभारंभ, निकाली विशाल कलश शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अगस्त। शहर के हृदय स्थल पूजा पार्क गायत्री मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 13 अगस्त से 19 अगस्त 2025 तक दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक अनवरत रस वर्षा होगी।**



श्री धाम वृंदावन से आए कथा वाचक बांके बिहारी शास्त्री महाराज के निर्देशन में आचार्य ने दिव्या वरुण कलश गणेश पूजन के साथ विशाल कलश यात्रा कार्तिकेय हनुमान मंदिर से निकली जो सम्राट चौक अस्पताल चौक होते हुए गायत्री मंदिर पहुंची। जहां सभी मातृशक्तियों ने कलश स्थापना कर गीत गायन की। शोभायात्रा में ढोल नगाड़ा राधे राधे, जय श्री राम का जय घोष होता रहा। कथा स्थल में देवताओं का आवाहन पूजन व्यास पीठ का पूजन किया गया। जहां यजमानों माताओ बहनों की उपस्थिति सराहनीय रही। इस दौरान मुख्य रूप से श्री गुरु बजरंग संघ मातृशक्ति प्रदेश संयोजक श्रीमती गुड़िया पाण्डेय, डॉ.वर्षा गौतम, उर्मिला शर्मा, मीनू सिंह चौहान, रश्मि गुप्ता, निशा नामदेव, सविता सोनी, ममता नामदेव, रंजीत नामदेव, हिना कुशवाहा, कंचन साकेत, सीता जायसवाल, सविता सोनी, विमल तिवारी, गीत केवट, दिव्या वर्मा, रेखा सिंह, लक्ष्मी द्विवेदी, अंजलि नामदेव, रेनू यादव, सुमित नामदेव, कुमकुम सिंह, कृतिका सिंह, कुसुम सिंह परिहार, राजकुमारी गुप्ता, अनु सिंह, रेखा गुप्ता, प्रियंका मौर्या, संगीता सोनी, गीता मिश्रा, पुनीता द्विवेदी, निधि पाण्डेय, प्रतिभा द्विवेदी, सुनीता कोरी, पवित्री पटेल, शीला द्विवेदी, सुभद्रा तिवारी, फूलकली, विमल पटेल, प्रिंस अभिषेक, राजेन्द्र जायसवाल, सत्य प्रसाद नामदेव, धीरेन्द्र सिंह परिहार, राजेश सिंह, राजीव साकेत, नितेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, धीरेन्द्र नामदेव, सत्येन्द्र सोनी, छोटेलाल सोनी, विनीत सोनी, नीरज पाठक, रामनिवास तिवारी, छोटू अभिषेक, मुनिराज विश्वकर्मा, जान आलम, राजू मौर्य, सुरेश सोनी, अमरेन्द्र पाण्डेय, श्रवण सिंह, मोहित तिवारी, कुमुद किशोर अवधिया आदि सैकड़ो भक्तगण जनता जनार्दन में शामिल रहे।

# चलित साप्ताहिक तुलसी जयंती समारोह का आयोजित हुआ कार्यक्रम





नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अगस्त। चलित तुलसी जयंती समारोह का आयोजन एवं मानस से जोड़कर नशामुक्ति अभियान को सीधी जिले में बैदेही फाउण्डेशन जन कल्याण समिति एवं सद्भावना कला संगीत साहित्य संस्कृति संस्थान सेंदुरा के संयुक्त तत्वाधान में 31 जुलाई से 6 अगस्त 2025 तक सीधी जिले के विभिन्न स्थानों नशामुक्ति का कार्यक्रम सम्पादित किया गया।**

जिसमें पीएम उमावि खाम्ह, हाई स्कूल कोचिला, हाईस्कूल करगिल, कस्तूरबा छात्रावास टिकरी, हाई स्कूल दरिया, हाई स्कूल सिकरा, हायर सेकण्ड्री खिरखोरी, हायर सेकण्ड्री खाम्ह, महिला थाना सीधी, कोल्हूडीह, हाई स्कूल कोचिला, हाई स्कूल भगोहर, आरएन डिस्प्ले स्कूल खाम्ह, आवासीय कन्या परिसर खाम्ह, पीएम श्री हायर सेकण्ड्री खाम्ह, आदिवासी जूनियर सामान्य छात्रावास पुरानी सीधी, जूनियर छात्रावास नेबूहा, आदिवासी बालक छात्रावास बरम्बाबा, आदिवासी छात्रावास कोचिला, हाईस्कूल कोचिला, हाईस्कूल नेबूहा, हायर सकेण्ड्री बरम्बाबा, मारीशन विद्यालय सीधी एवं समापन कार्यक्रम कोतवाली सीधी में नशामुक्ति का कार्यक्रम सम्पादित किया गया। आयोजित चलित साप्ताहिक तुलसी जयंती समारोह में गोस्वामी तुलसी दास जी के नशामुक्ति पर आधारित दिल-दिमाग को झंकृत करने वाले दोहा-चौपाइयों जैसे बातुल भूत विवश मतवारे, ते नहि बोलहि वचन विचारे। गोस्वामी जी ने भारत भर के ही नहीं बल्कि विश्व के समग्र मानव जाति के लिये जो अपनी कालजई रचनाओं के माध्यम से जो निधि इस जगत को प्रदान कर गये है, उसमें हमारी साहित्यिक मान्यताओं, धार्मिक आस्थाओं और सांस्कृतिक भावनाओं का निरंतर सृजन होता रहता है। गोस्वामी जी की रचना एक अनपढ़, चरवाहा, किसान से लेकर एक महाराजा तक के हृदय को छूता है और सोचने के लिये मजबूर करता है।

उनकी कालजई रचनाएं युगो-युगो तक मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में तुलसी दाज जी एवं तुलसी साहित्य के दर्शन तत्वों को जन-जन में पहुंचाने, प्रचारित-प्रसारित करने में सहयोगी की भूमिका में बैदेही फाउण्डेशन जन कल्याण समिति एवं सद्भावना कला संगीत साहित्य संस्कृति संस्थान सेंदुरा के संयुक्त प्रयास से अलग-अलग दिनों में अलग-अलग स्थानों में आम नागरिक व छात्र-छात्राओं को तुलसी की प्रासंगिकता एवं तुलसी दर्शन को फैलाने का संस्कृति विभाग के कार्य को करने का प्रयास किया।

### सुरेन्द्र ने गीतों के माध्यम से बहाई रामभक्ति की गंगा

गोस्वामी जी के भक्ति, ज्ञान और सेवा अद्भुत संदेशों को सुरेन्द्र कुमार शुक्ला ने इस सप्त दिवसीय चलित तुलसी जयंती समारोह के अवसर पर बोलते हुये विभिन्न स्थानों पर अपने गीतों के माध्यम से जन-जन में रामभक्ति की गंगा बहाई।

## एक नजर में

### एडीएम व एएसपी ने किया परेड ग्राउंड का निरीक्षण



**सीधी।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के संबंध में अपर कलेक्टर श्री अंशुमन राज तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने समारोह स्थल की साफ-सफाई समतलीकरण, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था आदि के विषय में सभी संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया है कि सभी संबंधित अधिकारी दिए गये दायित्वों का पूरी गंभीरता से पालन करना सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अंतिम रिहर्सल का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के आधार पर सभी गतिविधियां की गईं। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, सहायक संचालक जनसंपर्क मुकेश मिश्रा, जिला समन्वयक शिक्षा विभाग राजेश तिवारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### टाटा कालेज में एक दिवसीय युवा संगम 19 को

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला प्रशासन सीधी के सहयोग से जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा शासन के निर्देशानुसार बेरोजगार युवक/युवितियों हेतु दिनांक 19 .08 .2025 को टाटा कालेज सीधी के परिसर में एक दिवसीय युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जो आवेदक एवं आवेदिका रोजगार प्राप्त करना चाहते है तो उक्त दिनांक को सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक अपने सम्पूर्ण दस्तावेजो सहित उपस्थिति होकर रोजगार का लाभ ले सकते हैं।

### भाजपा की आज आयोजित होगी संगोष्ठी एवं मौन जुलूस

**सीधी।** प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमन्त खण्डेलवाल के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान के अगुआई मे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस में संगोष्ठी एवं मौन जुलूस का कार्यक्रम मानस भवन सीधी में आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉ .अभय प्रताप सिंह, पन्ना जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष संजय नगायच, प्रदेश महामंत्री शरतेन्दू तिवारी, सांसद डॉ .राजेश मिश्रा, सीधी विधायक रीती पाठक, धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम एवं सिंहावल विधायक विश्वामित्र पाठक की उपस्थिति में 14 अगस्त 4 बजे विचार गोष्ठी एवं 5 बजे मौन जुलूस आयोजित होगा।

# हर घर तिरंगा अभियान से गूंजा ग्राम पंचायत ताला

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अगस्त। म.प्र. जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था सत्य सरोवर समाज सेवा संस्थान के नेतृत्व में ग्राम ताला में हर घर तिरंगा अभियान बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ।**



आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 15 अगस्त तक आयोजित इस अभियान में बच्चे और ग्रामवासियों ने अभूतपूर्व भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान तिरंगा वितरण, जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान पर शपथ दिलाई गई। बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने राष्ट्रीय ध्वज हर घर फहराकर देशभक्ति का संदेश दिया। इस कार्यक्रम मे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक रजनीश मिश्रा, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती प्रियंका पनिका, सरस्वती स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज तिवारी, रावेद्र तिवारी विद्यालयों के सभी शिक्षक साथी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य और स्थानीय संगठनों ने भी सक्रिय योगदान दिया।

# स्वच्छता के संकल्प के साथ हर घर में लहराए तिरंगा : रीती पाठक

## सीधी नगर मंडल द्वारा पूजा पार्क में आयोजित हुई शानदार तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा शानदार तिरंगा यात्रा स्थानीय पूजा पार्क में सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई।**



तिरंगा यात्रा के पूर्व सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने नगर वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस त्याग और तपस्या एवं हजारों बलिदान के पश्चात प्राप्त हुई आज़ादी है। हम सभी को स्वतंत्रता दिवस के पूर्व स्वच्छता के संकल्प के साथ हर घर में शान से तिरंगा लहराए। विधायक श्रीमती पाठक ने शहीदों को नमन करते हुए देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को आजादी के महत्व को समझना होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने हर घर तिरंगा अभियान रैली के पूर्व नगर वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा शानदार ढंग से निकल जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संकल्प स्वर्णिम म.प्र. और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ हम सभी को सपरिवार हर घर में तिरंगा फहराना चाहिए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करना चाहिए। नगर मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने स्वागत भाषण के पश्चात आए हुए अतिथियों के अभिनंदन के पश्चात तिरंगा यात्रा की प्रस्तावना को विस्तार से रखा। तिरंगा यात्रा स्थानीय पूजा पार्क से आरंभ होकर अस्पताल चौक, सम्राट चौक, सराफा बाजार, गांधी चौक और पुन: पूजा पार्क में समाप्त हुई।

### तिरंगा यात्रा में इनकी रही उपस्थिति

तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष लालचंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, सरस्वती बहेलिया, अनिल पाण्डेय, अमलेश्वर चतुर्वेदी, संदीप शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ .देवेंद्र त्रिपाठी, शत्रुघ्न तिवारी, रामप्रसाद वैश्य, संजय सिंह चौहान, सुधीर शुक्ला, रविचंद्र सिंह परिहार, रवि केसरी, डॉ .अजय मिश्रा, मोतीलाल पटेल, डॉ .अनूप मिश्रा, नगरी निकाय के प्रदेश सह संयोजक जितेन्द्र सिंह चौहान, जिला महामंत्री अशोक पटेल, विनोद साकेत, जिला मंत्री अमित प्रधान, सुनीता रानी वर्मा, पूजा सिंह कुशराम, कोषाध्यक्ष अनीता चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्रमणि दुबे, राकेश सिंह, पुनीत नारायण शुक्ला, मोर्चा जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा, पूनम सोनी, राजमाणि साहू, राकेश मौर्या, लोरिक प्रसाद यादव, पुन्नू खान, शिवदान साकेत, मनोज सिंह चौहान, नीलम पाण्डेय, कमल कामदार, रीता सोनी, प्रदीप शुक्ला, रामराज गुप्ता, सूबेदास यादव, कृष्णकांत द्विवेदी, संतोष पाण्डेय, संजय सिंह चौहान, बाबूलाल कुशवाहा, पुष्पराज सिंह चौहान, संगीता सिंह, अन्नू पाण्डेय, मंडल महामंत्री दिनेश गुप्ता, फूलचंद गुप्ता, पार्षद आनंद परियानी, शुभा देवी कोल, हीरालाल कोरी, जितेंद्र तिवारी, अजीत वर्मा, विभा शर्मा, मुनिराज विश्वकर्मा, अजीत पाण्डेय, बृजेश सिंह, श्रवण सिंह, संजय सिंह चौहान, नीशा सिंह, पुष्पराज सिंह चौहान, कुंवर तिवारी, अजय चौबे सहित पार्टी पदाधिकारी और सैकड़ो नगर वासी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जयए वंदे मातरम जैसे नारे गुंजते रहे।


CMYK